Shashank Shekhar Sinha
President
Mob: 9334118192

Anil Kumar
General Secretary
Mob: 9431409463

पत्रांक-...64......                                                                 दिनांक-...2-12-19

सेवा में,

माननीय उपमुख्यमंत्री–सह–वित्त मंत्री,

बिहार, पटना।

विषयः– सप्तम वेतन पुनरीक्षण आदेश निर्गत होने के उपरांत दिनांक 01.01.2016 से आदेश निर्गत होने की तिथि के बीच की अवधि में अपुनरीक्षित वेतनमान में नियमित प्रोन्नति/MACPS के तहत वेतन उन्नयन प्राप्त पदाधिकारियों को केन्द्र सरकार के ज्ञापांक सं0 4–13/17–IC/E-IIIA दिनांक 12.12.2018 के समरुप विकल्प चयन करने का अवसर प्रदान करने हेतु आदेश निर्गत करने के संबंध में।

महाशय,

O/C

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सभी वेतन पुनरीक्षण के उपरांत वेतन पुनरीक्षण लागू होने की तिथि एवं आदेश निर्गत होने की तिथि के बीच की अवधि में अपुनरीक्षित वेतनमान में प्रोन्नति/वेतन उन्नयन पाने वाले कर्मियों के लिए राज्य सरकार द्वारा अपुनरीक्षित वेतनमान में प्रोन्नति के आलोक में पुनः पुनरीक्षित वेतन में विकल्प चयन करने का आदेश निर्गत किया जाता रहा है ताकि उक्त अवधि में प्रोन्नति/वेतन उन्नयन के आलोक में कर्मी अपने लिए बेहतर विकल्प का चयन कर सकें तथा यह नैसर्गिक न्याय के अनुरुप भी है।

सप्तम वेतन पुनरीक्षण आदेश निर्गत होने के उपरांत भी अनेकों बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को दिनांक 01.01.2016 से आदेश निर्गत होने की तिथि 24.05.2017 के बीच की अवधि के प्रभाव से अपुनरीक्षित वेतनमान में नियमित प्रोन्नति/वेतन उन्नयन की स्वीकृति दी गयी है परंतु प्रोन्नति के आलोक में पुनरीक्षित वेतन प्राप्त करने का विकल्प चयन करने का पुनः अवसर नहीं प्रदान किया गया है।

केन्द्र सरकार के ज्ञापांक सं0 4–13/17–IC/E-IIIA. दिनांक–12.12.2018 द्वारा पुनरीक्षित वेतन में पुनः विकल्प चयन करने का अवसर प्रदान किया गया है। संघ का अनुरोध होगा कि राज्य सरकार द्वारा

Received
PS
2.12.19

उप मुख्यमंत्री, कोषांग
बिहार सरकार

भी अपने कर्मियों को पुनरीक्षित वेतन में विकल्प चयन का एक और अवसर प्रदान करने का समरुप आदेश निर्गत किया जाय।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

(अनिल कुमार)
महासचिव,
BAS Association,पटना।

(शशांक शेखर सिन्हा)
अध्यक्ष,
BAS Association,पटना।

ज्ञापांक– 64 2-12-019  पटना, दिनांक– 2/12/19

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना को अनुलग्नक सहित सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

विश्वासभाजन,

(अनिल कुमार)
महासचिव,
BAS Association,पटना।

02 DEC 2019

(शशांक शेखर सिन्हा)
अध्यक्ष,
BAS Association,पटना।